# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

चतुर्थ [redacted] सत्र

संख्या-07 सोमवार, दिनांक-29 जनवरी, 2018 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वा० से 03.09 बजे अप० तक ।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

**1.विविध चर्चायें:-**

i- माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही माननीय सदस्य, श्री कुणाल षड़ंगी द्वारा देर से एम्बुलेंस पहुँचने एवं माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा आज अखबारों में माननीय मुख्यमंत्री के वक्तव्य सम्बन्धी प्रकाशित समाचारों पर आपत्ति जतायी गयी, इसपर आसन ने गहरी नाराजगी व्यक्त की,

ii- माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने अध्यक्ष महोदय से आग्रह किया कि विपक्ष के द्वारा उठाये जा रहे मुद्दों का सरकार जवाब नहीं दे रही है तो फिर हमलोग विवश हैं।

**2.कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचना:-**

माननीय सदस्य, श्री अमित कुमार एवं श्री इरफान अंसारी द्वारा अवर निरीक्षक की सम्पन्न परीक्षा में आरक्षण लागू नहीं किये जाने सम्बन्धी कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य कर दी गयी।

(भारी शोरगुल)

**3.विविध चर्चायें(क्रमांक-1 से जारी):-**

i- माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा सदन में उठाये जा रहे विभिन्न विषयों की ओर आसन का ध्यान पुनः आकृष्ट करते हुए सरकार से वक्तव्य की माँग की गयी।

**4.प्रश्नकाल:-**

आज के लिए निर्धारित अल्प सूचित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्नवत् हुआ

**अल्प सूचित प्रश्नों की कुल संख्या-20**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) उत्तरित | मात्र-01 | अ०सू०-74, श्री बिरंची नारायण, | स० वि० स०, |
| (ii) अपृष्ठ | कुल-03 | अ०सू०-71, श्री स्टीफेन मराण्डी, | स० वि० स०, |
| | | अ०सू०-72, श्री आलमगीर आलम, | स० वि० स०, |
| | | अ०सू०-73, श्रीमती गीता कोड़ा, | स० वि० स०, |
| (iii) अनागत | कुल-16 | अ०सू०- 75 से 90 तक। | |

अ० सू०-75 के प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा प्रश्न पूछा गया, लेकिन माननीय विभागीय मंत्री के अनुपस्थित होने से प्रश्नोत्तर नहीं हो सका।

इस अवसर पर अपनी पुरानी माँगों को लेकर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस एवं झारखण्ड विकास मोर्चा के माननीय सदस्यगण अपने-अपने स्थान पर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे तत्पश्चात् कतिपय माननीय सदस्य शनैः-शनैः सदन की वेल में आ गये जिससे भारी अव्यवस्था का माहौल कायम हो गया। आसन द्वारा बार-बार कहे जाने पर कुछ क्षण के लिए वे सभी अपने-अपने स्थान पर चले गये, परन्तु शोरगुल एवं नारेबाजी पुनः होने लगी जिसे देखते हुए सदन की कार्यवाही 11.32 बजे पूर्वा० से लेकर 12.15 बजे अप० तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

स्थगनोपरांत

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

## 5.सभा पटल पर प्रतिवेदन का रखा जाना:-

i- माननीय सभापति, श्री जय प्रकाश भाई पटेल द्वारा निवेदन, शून्यकाल एवं गैर-सरकारी संकल्प समिति का 60वाँ प्रतिवेदन सभा पटल पर रखा गया,

ii- माननीय सभापति, श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी द्वारा सरकारी उपक्रमों सम्बन्धी समिति का 21वाँ एवं 22वाँ प्रतिवेदन सभा पटल पर रखा गया।

इस अवसर पर माननीय नेता प्रतिपक्ष एवं माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा पुनः पूर्व के विषयों पर आसन के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री से वक्तव्य की माँग की गयी जिसपर माननीय मंत्री, श्री अमर कुमार बाउरी एवं माननीय सदस्य, श्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा गहरी आपत्ति व्यक्त करते हुए अपनी भावनाओं को सदन में व्यक्त किया गया तथा माननीय सदस्य, श्री राधा कृष्ण किशोर ने आसन से आग्रह किया कि कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक आहूत कर सदन मे हो रहे गतिरोध का निदान निकाला जाय।

## 6.सभा पटल पर प्रतिवेदन का रखा जाना(क्रमांक-5 से जारी):-

i- माननीय सभापति, श्री अरुप चटर्जी द्वारा प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण तथा अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति का 58वाँ, 59वाँ, 60वाँ एवं 61वाँ प्रतिवेदन सभा पटल पर रखा गया।

## 7.आसन से सूचना:-

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि सभा की बैठक के तुरंत बाद उनके कार्यालय कक्ष में कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक होगी एवं उसमें सभी सम्बन्धित माननीय सदस्यों को उपस्थित रहने हेतु अनुरोध भी किया गया।

इस अवसर पर विपक्ष के माननीय सदस्यों द्वारा पुनः नारेबाजी की जाने लगी अतएव अव्यवस्था के माहौल को देखते हुए 12.45 बजे अप० से भोजनावकाश तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित की गयी।

(अन्तराल)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

## 8.वित्तीय कार्य:-

आसन द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 के निमित्त पूर्व मे प्रस्तुत वाद-विवाद मे भाग लेने हेतु माननीय सदस्य, श्री अनन्त कुमार ओझा को पुकारा गया तत्पश्चात् उन्होंने अपना अभिभाषण प्रारम्भ किया।

क्र०/पृ०/प०

इस अवसर पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, झारखण्ड विकास मोर्चा एवं भारतीय राष्ट्रीय कौंग्रेस के माननीय सदस्य अपनी पूर्व की माँगो को लेकर अपने-अपने स्थान पर खड़े हो गये और नारेबाजी करने लगे तत्पश्चात् शनैः-शनैः सदन की वेल मे आ गये तथा धरने पर बैठ गये अतएव अव्यवस्था के माहौल को देखते हुए सदन की कार्यवाही 02.15 बजे अप० से लेकर 03.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित की गयी।

<u>स्थगनोपरांत</u>

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

अन्तराल के पूर्व आसन द्वारा कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक सम्बन्धी दी गयी सूचना के आलोक मे उक्त बैठक मे लिये गये निर्णयों को आसन के निदेश से माननीय सदस्य सह मुख्य सचेतक (सत्तारूढ़ दल) द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमें समिति की निम्न सिफारिशों-

दिनांक-30, जनवरी-2018 को वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक के सभी अनुदानों की माँगों पर वाद-विवाद, सरकार का उत्तर एवं मतदान हो तथा दिनांक-30, जनवरी-2018 को वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक के विनियोग विधेयक का उपस्थापन एवं पारण हो [illegible] तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित की जाय, जिनपर ध्वनिमत से सभा की सहमति प्राप्त हुई।

इस क्रम मे पूर्व की भाँति माननीय विपक्षी सदस्य अपनी माँगो को लेकर अपने-अपने स्थान पर खड़े हो गये। अतएव अव्यवस्था के माहौल को देखते हुए सभा की <u>कार्यवाही मंगलवार, दिनांक-30 जनवरी, 2018 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक</u> के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक- 29, जनवरी, 2018 ई०।

बिनय कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।